# गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय
## गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0

गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के प्रबन्ध बोर्ड की 34वीं बैठक दिनांक 24.02.2023 को प्रातः 10:30 बजे आफलाईन माध्यम से मा0 कुलपति, गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गयाः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| **शिक्षा सोसाइटी द्वारा नामनिर्दिष्ट सदस्यः** | | | |
| 1. | **प्रो0सुनील कुमार खरे**<br>डीन, आर एंड डी एंड<br>इंस्टीट्यूट चेयर प्रोफेसर ऑफ बायोकेमिस्ट्री एंजाइम और माइक्रोबियलबायो कैमिस्ट्री लैब, रसायनिकी विभाग<br>भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली, नई दिल्ली | सदस्य | उपस्थित |
| 2. | **प्रो0संतोष कुमार**<br>जीओलाजी डिपार्टमेंट,<br>सेंटर ऑफ एडवांस स्टडी, कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल, उत्तराखंड | सदस्य | उपस्थित |
| 3. | **प्रो0 शैलेंद्र सिंह गौरव**<br>डीन, कृषि फैक्ल्टी<br>प्रोफेसर एवं पूर्व प्रमुख<br>जेनिटक एंड प्लांट ब्रीडिंग डिपार्टमेंट<br>चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय<br>मेरठ-240004 | सदस्य | अनुपस्थित |
| **विश्वविद्यालय के आचार्य/अधिष्ठातागण/प्रभारी, अधिष्ठातागण** | | | |
| 4. | **प्रो0 एन.पी. मलकानियाँ**<br>प्रोफेसर,<br>अधिष्ठाता शैक्षिक<br>अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी<br>अधिष्ठाता स्कूल ऑफ वोकेशनल स्टडीज एण्ड एप्लाईड साइंसेज | सदस्य | उपस्थित |
| 5. | **प्रो0 श्वेता आनन्द**<br>प्रोफेसर<br>अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ बुद्धिष्ट स्टडीज एण्ड सिविलाईजेशन | सदस्य | उपस्थित |
| 6. | **डॉ0 इन्दु उप्रेति**<br>एसोशिएट प्रोफेसर<br>अधिष्ठाता, प्लानिंग एण्ड रिसर्च | सदस्य | उपस्थित |
| 7. | **डॉ0 नीती राणा**<br>एसोशिएट प्रोफेसर<br>अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट | सदस्य | उपस्थित |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8. | **डॉ0 कीर्ति पाल**<br>एसोशिएट प्रोफेसर<br>प्रभारी, अधिष्ठाता स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग | सदस्य | उपस्थित |
| 9. | **डॉ0 कृष्णकांत द्विवेदी**<br>प्रभारी अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ लॉ जस्टिस एण्ड गवर्नेस | सदस्य | उपस्थित |
| 10. | **डॉ0 मनमोहन सिंह सिसोदिया**<br>प्रभारी, छात्र कल्याण | सदस्य | उपस्थित |
| **कुलाधिपति द्वारा नाम निर्दिष्ट सदस्यः** | | | |
| 11. | **प्रो0 वंदना पाण्डेय**<br>प्रोफेसर<br>अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ हयुमैनिटीज एण्ड सोशल साईसेंज | सदस्य | उपस्थित |
| 12. | **प्रो0संजय कुमार शर्मा**<br>प्रोफेसर<br>अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ आई.सी.टी. | सदस्य | उपस्थित |
| **सचिव प्रबन्ध बोर्डः–** | | | |
| 13. | **डॉ0विश्वास त्रिपाठी**<br>कुलसचिव<br>गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय | सचिव | उपस्थित |
| **प्राविधिक शिक्षा परिषद् द्वारा नामनिर्दिशिती सदस्यः** | | | |
| 14. | **प्रो0 विवेक कुमार**<br>प्रोफेसर<br>भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली<br>नईदिल्ली | सदस्य | उपस्थित |
| **औद्योगिक विकास के प्रतिनिधिः** | | | |
| 16. | **श्री मानवेन्द्र सिंह**<br>अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी<br>नोएडा औधोगिक विकास प्राधिकरण<br>गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0 | सदस्य | उपस्थित |

## :: कार्यवाही का विवरण ::

प्रबन्धबोर्ड के मा0 सदस्यों के स्वागत के साथ विश्वविद्यालय प्रबन्ध बोर्ड की 34वीं बैठक आरम्भ हुई।

| | |
|---|---|
| 34.24.01 | **प्रबन्ध बोर्ड की तैतीसवीं बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन।**<br>विश्वविद्यालय के प्रबन्ध बोर्ड की दिनॉंक 06.02.2023 को सम्पन्न हुई तैतीसवीं बैठक के कार्यवृत्त को बोर्ड के मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 34.24.02 | **प्रबन्ध बोर्ड की तैतीसवीं बैठक के कार्यवृत्त पर कृत कार्यवाही का विवरण।**<br>विश्वविद्यालय प्रबन्ध बोर्ड की दिनॉंक 06.02.2023 को सम्पन्न हुई तैतीसवीं बैठक के कार्यवृत्त पर कृत कार्यवाही के विवरण को बोर्ड के मा0 सदस्यों द्वारा संज्ञान में लिया गया एवं अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 34.24.03 | **दिनांक 06.02.2023 को विश्वविद्यालय प्रबन्ध बोर्ड की सम्पन्न हुई 33वीं बैठक के मद संख्या–33.06.03 में श्रीमती मीना सिंह के प्रकरण में मा0 प्रबन्ध बोर्ड द्वारा लिए गये निर्णय के कम में अग्रेत्तर कार्यवाही पर विचार एवं निर्णय।**<br>श्रीमती मीना सिंह के प्रकरण में दिनांक 06.02.2023 को विश्वविद्यालय प्रबन्ध बोर्ड की सम्पन्न हुई 33वीं बैठक के मद संख्या–33.06.03 में इनके द्वारा किये गये अनुरोध के कम में प्रबन्ध बोर्ड के मा0 सदस्यों द्वारा लिए गये निर्णय के अनुक्रम में जॉंच अधिकारी द्वारा प्रेषित जॉंच रिपोर्ट को बोर्ड के मा0 सदस्यों द्वारा पुनः अवलोकित किया।<br>श्रीमती मीना सिंह द्वारा दिनांक 24.02.2023 को प्रबन्ध बोर्ड के मा0 सदस्यों के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर पुनः अपना पक्ष रखा गया। प्रबन्ध बोर्ड के मा0 सदस्यों द्वारा श्रीमती मीना सिंह द्वारा प्रस्तुत किये गये पक्ष को गम्भीरता से सुना गया। तद्क्रम में प्रबन्ध बोर्ड के मा0 सदस्यों द्वारा विचार विमर्श किया गया तथा सम्यक विचारोपरान्त श्रीमती मीना सिंह के प्रकरण में प्रबन्ध बोर्ड की 32वीं बोर्ड बैठक में इन्हें सेवा से हटाये जाने के सम्बन्ध में लिये गये निर्णय को प्रबन्ध बोर्ड के कुल 13 सदस्यों में से 11 सदस्यों के द्वारा पक्ष में मत देते हुए अनुमोदित किया गया। अन्य 02 सदस्यों प्रो0 श्वेता आनन्द एवं श्री मानवेन्द्र सिंह द्वारा उक्त निर्णय पर असहमति व्यक्त की गयी।<br>उक्तानुसार श्रीमती मीना सिंह के प्रकरण में प्रबन्ध बोर्ड की 32वीं बोर्ड बैठक के मद संख्या–32.30.05 में इन्हें सेवा से हटाये जाने के सम्बन्ध में पूर्व में लिये गये निर्णय को प्रबन्ध बोर्ड के मा0 सदस्यों द्वारा बहुमत से अनुमोदित किया गया। |
| 34.24.04 | **श्री शीलेन्द्र कुमार शर्मा, लेखाधिकारी, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय को गले के कैंसर की बीमारी के ईलाज हेतु सक्षम स्तर द्वारा विशेष परिस्थितियों में स्वीकृत की गयी अग्रिम धनराशि रू0 3,77,775.00(तीन लाख सतहत्तर हजार सात सौ पचहत्तर मात्र) का निर्णय मा0 बोर्ड के सदस्यों के संज्ञानार्थ प्रस्तुत।**<br>प्रबन्ध बोर्ड के मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। श्री शीलेन्द्र कुमार शर्मा, लेखाधिकारी को ईलाज हेतु जारी अग्रिम का समायोजन सी.जी.एस. के नियम व शर्तो के अधीन किया जायेगा |

| | |
|---|---|
| 34.24.05 | **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय पर विचार।**<br>उपरोक्त के अन्तर्गत निम्नांाकित 03 बिन्दुओं को प्रबन्ध बोर्ड के मा0 सदस्यों के सम्मुख चर्चा एवं अनुमोदन हेतु रखा गयाः–<br>1. **विश्वविद्यालय में शिक्षणेत्तर अधिकारियों/कर्मचारियों की भर्ती खुले विज्ञापन के माध्यम से किए जाने पर विचार एवं निर्णय।**<br>प्रबन्ध बोर्ड के मा0 सदस्यों को अवगत कराया गया कि वर्तमान में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में शिक्षणेत्तर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की संख्या में कमी होने के कारण प्रशासनिक/दैनादिन कार्यो के निष्पादन में समस्या आ रही है। पदों की आवश्यकता के अनुसार विश्वविद्यालय में शिक्षणेत्तर अधिकारियों/कर्मचारियों की नियुक्ति खुले विज्ञापन के माध्यम से किए जाने के प्रस्ताव को प्रबन्ध बोर्ड के मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| | 2. **विश्वविद्यालय में प्रोफेसर एवं एसोसिएट प्रोफेसर की भर्ती खुले विज्ञापन के माध्यम से किए जाने पर विचार एवं निर्णय।**<br>प्रबन्ध बोर्ड के मा0 सदस्यों को अवगत कराया गया कि वर्तमान में विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के विभिन्न विभागों में उच्च पदों यथा प्रोफेसर एवं एसोसिएट प्रोफेसर की कमी तथा विभिन्न नियामक संस्थाओं यथा आर.सी.आई., एन.सी.टी.ई., बी.सी.आई, सी.ओ.ए. आदि के दिशा निर्देशों के अनुपालन के दृष्टिगत पदों की आवश्यकता के अनुसार विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के विभिन्न विभागों में यू.जी.सी. के वेतनमान पर उच्च पदों यथा प्रोफेसर एवं एसोसिएट प्रोफेसर की नियुक्ति खुले विज्ञापन के माध्यम से किए जाने के प्रस्ताव को प्रबन्ध बोर्ड के मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| | 3. **विश्वविद्यालय में भारतीय संस्कृति अध्ययन केन्द्र के अन्तर्गत Centre for Hindu Studies खोले जाने पर विचार एवं निर्णय।**<br>प्रबन्ध बोर्ड के मा0 सदस्यों को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में भारतीय संस्कृति अध्ययन केन्द्र के अन्तर्गत Centre for Hindu Studies, Gautam Buddha University खोले जाने का पूर्व में प्रबन्ध बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया है जिसे आगामी सत्र से प्रारम्भ किये जाने का प्रस्ताव प्रबन्ध बोर्ड के मा. सदस्यों के विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ रखा गया।<br>उपरोक्त प्रस्ताव पर विचार कर प्रबन्ध बोर्ड के मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। |

अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

(डॉ विश्वास त्रिपाठी)
सचिव, प्रबन्ध बोर्ड
एवं
कुलसचिव
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय

( प्रो0 रविन्द्र कुमार सिन्हा)
अध्यक्ष, प्रबन्ध बोर्ड
एवं
कुलपति
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय